>

Title: Need to provide a package for all-round development of Ambala Parliamentary Constituency, Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : मेरे लोक सभा क्षेत्र अंबाला का शिवालिक के अंतर्गत आने वाला सारा क्षेत्र जो लगभग 150 किलोमीटर हिमाचल प्रदेश की सीमाओं से लगता है, अति पिछड़ेपन का शिकार है । इस क्षेत्र में न विकास हुआ है, न ही रोजगार के साधन हैं । लोग गरीबी के शिकार हैं। अगर सरकार इस क्षेत्र को हिमाचल के बद्दी व काला आंब की भांति औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा क्षेत्र घोषित कर देती है तो इस क्षेत्र में विकास व रोजगार की गंगा बह सकती है । इस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित किया जा सकता है । यहाँ के मोरनी के ताल, पिंजौर गार्डन व मोरनी हिल का क्षेत्र अति सुन्दर है । आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने इस प्रकार से नॉर्थ-ईस्ट के पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने व अन्य रोजगार व विकास के साधन उपलब्ध कराने के लिए एक पैकेज दिया है । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र को भी पैकेज दिया जाए ताकि शिवालिक क्षेत्र के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकें ।